INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII-2nd Lang.	Department: Hindi	Date of submission:
Lesson 1- एक तिनका Question Bank with Grammar	Topics:-लिंग,विलोम,पर्याय,अनेकार्थी	**Pl File in portfolio-** **Note: Pls. write in your Hindi note book**

अति लघु प्रश्न

प्रश्न-1 तिनका कहाँ से उड़ कर आया था?

उत्तर- तिनका बहुत दूर से उड़ कर आया था।

प्रश्न-2 तिनका कहाँ आ गिरा?

उत्तर- तिनका कवि की आँख में आ गिरा।

प्रश्न-3 कवि पर किसने व्यंग किया?

उत्तर- कवि पर समझ ने व्यंग किया।

प्रश्न-4 कवि घमंड में ऐंठा हुआ कहाँ खड़ा था?

उत्तर- कवि घमंड में ऐंठा हुआ मुंडेर (छत) पर खड़ा था।

प्रश्न-5 'एक तिनका' के कवि कौन हैं?

उत्तर- 'एक तिनका' के कवि अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' जी हैं।

प्रश्न-6 कवि अपने बारे में क्या सोचता था?

उत्तर – कवि सोचता था कि उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

प्रश्न-7 कवि छत पर किस भाव में खड़ा था?

उत्तर – कवि छत पर घमंड से भरे हुए भाव में खड़ा था।

प्रश्न-8 कवि बेचैन क्यों हो गया था?

उत्तर – कवि आँख में तिनका जाने के कारण बेचैन हो गया था।

प्रश्न-9 कवि की बेचैनी का कारण क्या था?

उत्तर- कवि की बेचैनी का कारण उसकी आँख में गिरा हुआ तिनका था।

प्रश्न-10 लोगों ने कवि की आँख से तिनका कैसे निकाला?

उत्तर-लोगों ने कवि की आँख से तिनका कपड़े की मूँठ बनाकर निकाला।

लघु प्रश्न

प्रश्न-1 आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की क्या दशा हुई?

उत्तर– कवि की आँख में तिनका जैसे ही गया वह बहुत बेचैन हो गया। उसकी आँख लाल हो गई और दुखने लगी। वह दर्द से कराह रहा था पर कुछ कर नहीं पा रहा था।

प्रश्न-2 घमंडी की आँख से तिनका निकालने के लिए उसके आसपास लोगों ने क्या किया ?

उत्तर– घमंडी की आँख से तिनका निकालने के लिए उसके आसपास के लोगों ने कपड़े की मूँठ बनाकर तिनके को निकालने का प्रयत्न किया।

प्रश्न-3 ऐंठ और समझ में क्या अंतर है?

उत्तर–

ऐंठ	समझ
ऐंठ- अकड़कर चलती है। घमंड से भरी होती है। रूखे स्वर में बात करती है। किसी को कुछ नहीं समझती है। उसे किसी बात की परवाह नहीं होती है।	समझ– समझ शांत स्वभाव की होती है। उसका व्यवहार नम्र, विनीत तथा सरल होता है। वह सब का आदर करती है। उसकी बातों में समझदारी होती है।

दीर्घ प्रश्न

प्रश्न-1 तिनके वाली घटना से कवि को क्या शिक्षा मिली?

उत्तर – तिनके वाली घटना से कवि को यह शिक्षा मिली कि मनुष्य को कभी भी घमंड नहीं करना चाहिए। एक छोटा तिनका भी कष्ट का कारण बन सकता है और हमारे घमंड को चूर कर सकता है।

प्रश्न-2 कवि की सारी अकड़ क्यों भाग गई?

उत्तर – कवि की सारी अकड़ आँख में तिनका गिरने से भाग गई। उसे घमंड था कि उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता परन्तु एक तिनके ने उसकी हालत बुरी कर दी और उसे तिनका निकालने के लिए दूसरों की मदद लेनी पड़ी।

प्रश्न-3 'एक तिनका' कविता में किस घटना की चर्चा की गई है, जिससे घमंड नहीं करने का संदेश मिलता है?

उत्तर- 'एक तिनका' कविता में घमंड से भरे कवि की आँखों में पड़ा हुआ तिनका उसे बेचैन कर देता है, जिससे उसका सारा घमंड चूर-चूर हो जाता है| किसी तरह लोग कपड़े की नोक से उसकी आँख में पड़ा तिनका निकालते हैं तो कवि सोच में पड़ जाता है कि आखिरकार उसे आज तक किस बात का घमंड था| जो एक तिनके ने तोड़ कर रख दिया है|

इस घटना के माध्यम से कवि ने संदेश दिया है कि हमें स्वयं पर कभी भी घमंड नहीं करना चाहिए।

एक तुच्छ व्यक्ति या वस्तु भी हमारी परेशानी का कारण बन सकता है| हर वस्तु का अपना महत्व होता है।

व्याकरण भाग –

प्रश्न-1 दिए गए शब्दों के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखिए|

1. अंबर - कपड़ा - आकाश
2. मत - मना करना , वोट देना
3. उपचार - उपाय - इलाज
4. प्रकृति - स्वभाव - कुदरत
5. तीर - किनारा - बाण
6. मान- इज्जत - अभिमान
7. हार - आभूषण - पराजय
8. भेद - प्रकार - रहस्य

प्रश्न-2 दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए|

1. आँख- लोचन , नयन , नेत्र , चक्षु
2. घमंड- अभिमान , अहंकार , गर्व , गुमान
3. दुख - व्यथा , कष्ट , पीर , पीड़ा
4. हाथ – कर , हस्त , पाणि , पंजा
5. कपड़ा – वस्त्र , अंबर , चीर , पट
6. अंग - तन , शरीर , काया , देह
7. हवा – वायु , पवन , समीर , अनिल
8. मनुष्य – आदमी , नर , मानव , मानुष

प्रश्न-3 निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य बनाइए|

	पुल्लिंग	स्त्रीलिंग
1.	कवि-कवि कविता गा रहा है।	कवयित्री-कवयित्री कविता गा रही है।
2.	हाथी-हाथी पानी पी रहा है|	हथिनी-हथिनी पानी पी रही है|
3.	साधु–साधु जंगल में तपस्या कर रहा है|	साध्वी-साध्वी जंगल में तपस्या कर रही है|
4.	पुरुष-पुरुष ने नौकर को डाँटा|	स्त्री-स्त्री ने नौकरानी को डाँटा|
5.	पिता-पिता जी सो रहे हैं|	माता-माता जी सो रही हैं|
6.	छात्र-छात्र मैदान में कसरत कर रहा है|	छात्रा-छात्रा मैदान में कसरत कर रही है|
7.	युवक- युवक छत पर खड़ा था		युवती- युवती छत पर खड़ी थी|
8.	अध्यापक- अध्यापक छात्रों को पढ़ा रहे हैं।	अध्यापिका- अध्यापिका छात्राओं को पढ़ा रही हैं।

प्रश्न-4 निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए|

1. मौखिक - लिखित
2. विजय - पराजय
3. घमंड - विनय
4. चेतन - अचेतन
5. बलवान - निर्बल
6. जीवित - मृत
7. तेज़ी - मंदी
8. उचित - अनुचित

लेखन कार्य – **Classwork-** तिनके के महत्त्व पर एक अनुच्छेद लिखिए|

लेखन कार्य – **Homework-** ‘ मेरा प्यारा घर ’ पर एक अनुच्छेद लिखिए|